# प्रेस नोट- रामचन्द्र मिशन
# जनपद शाहजहाँपुर पुलिस
## दिनांक – 19.09.2026

## थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत हत्या के प्रयास से सम्बन्धित अभियोग में वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 18.09.2026 को वादी श्री पंकज पुत्र पुत्तूलाल, नि0मो0 बाकरजई, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना रामचन्द्र मिशन पर मु0अ0सं0 - 177/26 धारा 333/109(1) बीएनएस बनाम 1. शिब्बू उर्फ आलम पुत्र बाबू नि0मो0 किला थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर 2. नईम पुत्र अनीश खां नि0मो0 तारीन गाड़ीपुरा, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर तथा अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध वादी के भाई नीरज के घर में घुसकर जान से मारने की नियत से चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल करने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोग की विवेचना के क्रम में वांछित अभियुक्त आजम उर्फ शिब्बू पुत्र बाबू उपरोक्त को दिनांक 19.09.2026 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया तथा घटना के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 - 178/26 धारा 109(1)/324(4) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम बनाम अभियुक्त आजम उर्फ शिब्बू पुत्र बाबू उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

इसी क्रम में अभियोग में वांछित अभियुक्त नईम पुत्र अनीश खां नि0मो0 तारीन गाड़ीपुरा थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर को आज दिनांक 19.09.26 को समय करीब 17.42 बजे हिन्द मैरिज लॉन वाले रोड के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से दोनो अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. आजम उर्फ शिब्बू पुत्र बाबू नि0मो0 किला, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र 37 वर्ष। **(पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार)**
2. नईम पुत्र अनीश खां नि0मो0 तारीन गाड़ीपुरा थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर उम्र 37 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 - 177/26 धारा 333/109(1) बीएनएस, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय-**

दिनांक 19.09.26 समय 17.42 बजे, हिन्द मैरिज लॉन वाले रोड के पास से।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

व0उ0नि0 श्री कैलाश चन्द्र थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर।<br>
का0 2645 आकाश सैनी थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर।